न्यायालय जिला कलक्टर एवं प्रथम अपीलेट अधिकारी

(सूचना अधिकार अधिनियम 2005)

पीठासीन अधिकारी शिवप्रसाद एम. नकाते (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– **79 / 2021 अपील सू.प्र.**

उनवान

श्री मोतीलाल सिंघानिया निवासी– जी 37, रीको 4 फेज, पुर रोड़, भीलवाड़ा।	**बनाम**	लोक सूचना अधिकारी व प्रभारी अधिकारी (न्याय) एवं अति. जिला कलक्टर (शहर), भीलवाड़ा
––अपीलार्थी		––प्रत्यर्थी

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

उपस्थित :–प्रत्यर्थी की ओर से विभागीय प्रतिनिधि

निर्णय

दिनांक :03-11 .2021

अपीलार्थी की ओर से यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी व प्रभारी अधिकारी (न्याय) एवं अति. जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा के विरूद्ध दिनांक 30.09.2021 को प्राप्त होकर निवेदन किया गया कि अपीलार्थी ने विहित अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क का पोस्टल ऑर्डर संख्या 52 एफ 390849 राशि 10.00 रूपये के साथ एक आवेदन दिनांक 23.07.2021 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा को प्रेषित किया जो लोक सूचना अधिकारी व प्रभारी अधिकारी (न्याय) एवं अति. जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा के कार्यालय में दिनांक 26.07.2021 को प्राप्त हुआ।

प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में दिनांक 20.10.2021 को पंजीबद्ध की जाकर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को सूचना पत्र जारी किये गये तथा प्रत्यर्थी लोक सूचना अधिकारी व प्रभारी अधिकारी (न्याय) एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा द्वारा पत्रांक न्याय / 2021 / 24586 दिनांक 26.10.2021 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्य इस प्रकार हैं –

1. अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी को प्रस्तुत आवेदन की सूचना की प्रार्थी को अब कोई आवश्यकता नहीं है ऐसा आवेदन पत्र पर स्वयं प्रार्थी द्वारा लिखित में लिखकर स्वयं के हस्ताक्षर कर आवेदन–पत्र विड्रो कर लिया गया है।

उपरोक्त विवेचन अनुसार अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी को प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वयं अपीलार्थी द्वारा ही विड्रो कर दिये जाने से उक्त आवेदन पत्र के विरूद्ध प्रस्तुत अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है।

आदेश आज दिनांक 03-11 .2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर जारी किया गया।

न्यायालय जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)

(शिवप्रसाद एम. नकाते)
जिला कलक्टर एवं
प्रथम अपीलेट अधिकारी
भीलवाड़ा

जिला कलक्टर
भीलवाड़ा